दैनिक जागरण
27-12-2025

साहिबजादों की शहादत को याद किया

जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान शामिल विद्यार्थी वस्टाफ। ● विज्ञप्ति

अंबाला विज्ञपति : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास, विचार–विमर्श की क्षमता तथा अभिव्यक्ति कौशल को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पंजाबी विभाग, वुमन सैल तथा संगीत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक चर्चा एवं पीयर सर्किल गतिविधि का आयोजन किया गया। वीर बाल दिवस सिख इतिहास के महान वीर बालकों साहिबजादे अजित सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह तथा साहिबजादा फतेह सिंह की अद्वितीय वीरता, बलिदान एवं धर्म के प्रति अटूट आस्था को स्मरण करने हेतु मनाया जाता है।